अमर उजाला 20/04/2025

# मौखिक प्रस्तुति में डॉ. अमन प्रथम

## विज्ञान और संस्कृति के समन्वय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

संवाद न्यूज एजेंसी

**अंबाला।** जीएमएन कॉलेज में भारतीय ज्ञान प्रणाली और आधुनिक विज्ञान प्रौद्योगिकी और संस्कृति के समन्वय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का उद्घाटन सह-संयोजक डॉ मीनू राठी ने किया।

प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) आरसी वर्मा और अन्य गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया और आधुनिक प्रगति के साथ पारंपरिक भारतीय ज्ञान को एकीकृत करने के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा स्मारिका का विमोचन किया।

मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में विज्ञान और भारतीय दर्शन के समृद्ध इतिहास पर ध्यान केंद्रित किया और आधुनिक समय में इसकी प्रासंगिकता पर जोर दिया। संगोष्ठी में पूरे भारत से 250 से अधिक बुद्धिजीवी, शिक्षाविद, शिक्षक, विद्वान और छात्र शामिल हुए। इस दौरान पांच तकनीकी सत्रों का आयोजन भी किया गया और 150 प्रतिनिधियों ने अपने पेपर प्रस्तुत किए। मौखिक प्रस्तुति में गढ़वाल यूनिवर्सिटी उत्तराखंड के डॉ. अमन कुमार शर्मा ने पहला स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार पोस्टर प्रस्तुति में सेंट्रल यूनिवर्सिटी हिमाचल प्रदेश से कनुप्रिया और डॉ. प्रदीप कुमार ने पहला पुरस्कार जीता।



राष्ट्रीय संगोष्ठी के दौरान स्मारिका का विमोचन करते गणमान्य प्रवक्ता। संवाद